## एक नजर में

### लायन्स क्लब खण्डवा बहु प्रांतीय कन्वेंशन में बेस्ट क्लब मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित



**खण्डवा।** लायन्स इंटरनेशनल की बहु प्रांतीय मल्टीपल कन्वेंशन जोधपुर राजस्थान में सम्पन्न हुई। मल्टीपल काउंसिल चेयरमेन संजीव जैन, मल्टीपल काउंसिल सेक्रेटरी यश शर्मा गेट वाईस एरिया लीडर कुलभूषण मित्तल के नेतृत्व में आयोजित मल्टीपल कन्वेंशन में मध्यप्रदेश, राजस्थान व छतीसगढ़ के डिस्ट्रिक्ट के क्लब पदाधिकारी सम्मिलित हुए। नारायण बाहेती ने बताया कि अणिमा उबेजा, नारायण बाहेती व गुरमीतसिंह उबेजा द्वारा विभिन्न क्लब स्तरीय व व्यक्तिगत फाइलों को मल्टीपल में अवार्ड हेतु प्रस्तुत किया गया। लायन्स क्लब खण्डवा को बहु प्रांतीय मल्टीपल का बेस्ट क्लब,अणिमा उबेजा मल्टीपल बेस्ट अध्यक्ष, नारायण बाहेती को मल्टीपल बेस्ट डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन लायन्स इमेज बिल्डिंग ,गुरमीतसिंह उबेजा को बेस्ट डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित किया गया। लायन्स क्लब खण्डवा को डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के गवर्नर लायन योगेंद रुनवाल, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल, जयप्रकाश त्रिपाठी,रीजन चेयरपर्सन प्रियंका गुजराती ,झोन चेयरपर्सन राजीव मालवीय के मार्गदर्शन में अध्यक्ष अणिमा उबेजा, सचिव घनश्याम वाधवा,कोषाध्यक्ष वसीम कुरेशी के नेतृत्व में सत्र 2024-25 में किये गए सेवा व प्रशासनिक कार्यो के आधार पर मल्टीपल बेस्ट लायन्स इमेज बिल्डिंग, मल्टीपल बेस्ट निराहार को आहार,मल्टीपल बेस्ट ग्लोबल लीडरशिप की कार्यशालाओं के आयोजन हेतु मल्टीपल बेस्ट क्लब अवार्ड से सम्मानित किया गया। गुरमीतसिंह उबेजा, अणिमा उबेजा ने उपस्थित होकर महत्वपूर्ण अवार्ड प्राप्त किये। झोन चेयरमेन राजीव मालवीय,अध्यक्ष अणिमा उबेजा,सचिव घनश्याम वाधवा, डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन राजीव शर्मा,नारायण बाहेती,गुरमीतसिंह उबेजा,गांधी प्रसाद गदले का अवार्ड हेतु फाइल बनाने व प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

खंडवा की स्मिता बरोले- श्री अन्न के साथ बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल

### मोटे अनाज से बने पौष्टिक व्यंजनों ने बदली जिंदगी,स्व-सहायता समूह बना प्रेरणा का प्रतीक




**खंडवा।** मेहनत,लगन और श्री अन्न (मोटे अनाज) की ताकत ने खंडवा की स्मिता बरोले को आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शुरू किए गए रेवा श्री स्व-सहायता समूह के माध्यम से स्मिता ने मोटे अनाज से बने लजीज और पौष्टिक व्यंजनों के जरिए न केवल अपनी जिंदगी बदली, बल्कि शहर में एक नई मिसाल भी कायम की। स्मिता ने 2020 में नगर निगम के सहयोग से अपने समूह की नींव रखी और रागी, कुटकी, कोटू और कंगनी जैसे पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाजों को अपने व्यवसाय का आधार बनाया। रागी के बिस्किट, कुटकी की खीर, मूंग चीला, इडली-सांभर और डोसा जैसे व्यंजनों ने स्थानीय लोगों के दिलों के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य को भी जीत लिया। स्मिता कहती हैं,श्री अन्न न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि यह हमारे शरीर के लिए प्रकृति का अनमोल उपहार है।यह पौष्टिक, सस्ता और पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है। 2021 में स्मिता ने अपने व्यवसाय को और विस्तार देने का फैसला किया। उन्होंने मोटे अनाज से आटा और अन्य स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद तैयार किए। 2023 में सरकार द्वारा घोषित 'मिलेट्स वर्ष' ने उनके प्रयासों को पंख लगाए।स्मिता ने अपने नवीन ठेले पर डिजिटल पेमेंट की सुविधा शुरू की, जिससे बिक्री में उछाल आया और समय पर भुगतान ने उनके कारोबार को और मजबूत किया। रेवा श्री स्व-सहायता समूह की संगीता मोर्य, सोनम मोर्य और आरती पटेल स्मिता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस सफर में शामिल हैं।यह समूह न केवल स्वादिष्ट व्यंजन परोस रहा है, बल्कि श्री अन्न के स्वास्थ्य लाभों के प्रति लोगों को जागरूक भी कर रहा है। स्मिता की यह पहल अन्य स्व-सहायता समूहों के लिए प्रेरणा बन रही है।सरकार को धन्यवाद देते हुए स्मिता कहती हैं, सरकार ने श्री अन्न को बढ़ावा देकर हमें नई दिशा दी।यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम इस बदलाव का हिस्सा हैं। स्मिता बरोले की कहानी मेहनत, सामुदायिक सहयोग और श्री अन्न की ताकत का जीवंत उदाहरण है।उनके छोटे से ठेले से शुरू हुआ यह सफर आज खंडवा के लिए आत्मनिर्भरता और स्वास्थ्य जागरूकता का प्रतीक बन चुका है। श्री अन्न की ताकत, स्मिता की मेहनत और स्व-सहायता समूह का साथ यह कहानी साबित करती है कि छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं।

### खालवा ब्लॉक के छात्र-छात्राओं ने ग्राम कालाआम कला में किया जल संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम




**खालवा।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत खालवा ब्लॉक के छात्र-छात्राओं और नवांकुर संस्था सत्य प्रबोधन सामाजिक शैक्षणिक संस्थान द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम कालाआम कला में एक विशेष बैठक (चौपाल) का आयोजन किया गया। इस चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व एवं इसके स्थायी उपायों की जानकारी दी गई। चौपाल में उपस्थित विद्यार्थियों ने वर्षा जल संचयन, जल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। साथ ही, ग्राम में वर्तमान में चल रहे जल संरक्षण और वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों में श्रमदान कर ग्रामीणों को प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच,सचिव,कार्यक्रम में परामर्शदाता मोहन मालवीय,नेपाल सिंह पावर,मोहन रोकड़े तथा ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा एक अतिरिक्त कक्षा का भी संचालन किया गया,जिसमें ग्रामीणों एवं युवाओं को जल संरक्षण से जुड़ी तकनीकों एवं व्यवहारिक उपायों की जानकारी दी गई एवं आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण की गतिविधि करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम न केवल जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा, बल्कि छात्रों की नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी सशक्त बनाने वाला साबित हुआ।

# दिल्ली तक पहुंचा आदिवासी महिला से दुष्कर्म का मामला,राहुल गांधी ने की परिजनों से बात

**:: खंडवा रेप कांड पर सियासत तेज**
**:: विक्रांत भूरिया खंडवा पहुंचे, सरकार को लिया आड़े हाथ, मध्य प्रदेश में जंगल राज बढ़ते जा रहा**




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** झाबुआ विधायक एवं आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया बुधवार खंडवा पहुंचे। और पिछले सप्ताह सामूहिक बलात्कार और बर्बरतापूर्वक हत्या की शिकार हुई आदिवासी महिला के परिवार के घर का दौरा किया। उन्होंने राहुल गांधी को फोन किया और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नेता से बात करने के लिए कहा। कांग्रेस ने इस बातचीत का एक वीडियो जारी किया, जिसमें राहुल गांधी पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन देते नजर आ रहे हैं।

इस के बाद गांधी भवन में खंडवा में खालवा थाना क्षेत्र में आदिवासी महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और बर्बरता के मामले को लेकर पत्रकारों से चर्चा की।

इस दौरान श्री भूरिया ने कहा खंडवा जिले की खालवा की घटना को लेकर मुख्यमंत्री के पास समय नहीं है। दिल्ली में बैठकर मध्य प्रदेश के खंडवा के आदिवासी परिवार से राहुल गांधी चर्चा करते हैं,पर मुख्यमंत्री के पास समय नही है ,महिला आयोग कहां है,पर्दा डालने की बजाय पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए आदिवासी क्षेत्रों में धड़ल्ले से शराब का धंधा चल रहा है।धार्मिक नगरी में शराब प्रतिबंध और आदिवासी क्षेत्रों में शराब खुलेआम बेची जा रही है।अपराधियों के मन से डर खत्म हो गया है।आदिवासी महिलाएं सुरक्षित हो इसकी जवाबदारी सरकार तय करे।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में विकास जमीन पर दिखना चाहिए, उन आदिवासियों के घरों पर तीन शेड तो लगाइए,25 लाख का सरकारी मुआवजा, परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग की बात भी कही। फास्ट्रेक कोर्ट पर प्रकरण चलाया जाना चाहिए, आरोपियों के विरुद्ध फांसी की सजा होनी चाहिए ,कांग्रेस की विचारधारा के साथ हम खड़े हैं। लोकसभा विधानसभा दोनों ही जगह इस मामले को उठाएंगे और महिला को न्याय दिलाएंगे। मध्य प्रदेश में जंगलराज बढ़ता जा रहा है।

## विधायक कंचन तनवे ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से की मुलाकात



नवभारत न्यूज

**खंडवा। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का दायित्व होता है कि चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के विकास एवं जनता की सेवा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए, खंडवा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे लगातार सक्रिय प्रयास कर रही है।**

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा मुंदी के आसपास की जनता काफी दिनों से खंडवा मुंदी मार्ग के नवीनीकरण की मांग कर रही है,जिसको देखते हुए विधायक कंचन तनवे द्वारा लगातार लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से मुलाकात कर निर्माण की मांग की जा रही है। खण्डवा-मूंदी मार्ग एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है।जो वर्तमान समय में अत्यंत जर्जर अवस्था में होने के कारण रोज दुर्घटनायें हो रही है।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विधायक कंचन तनवे एवं मांधाता विधायक नारायण पटेल के प्रयासों से अनुपूरक बजट में पहले ही खण्डवा-मूंदी मार्ग का बजट पास हो चुका है। अत- निविदा न होने के कारण रोड का कार्य प्रारंभ होने में देरी की और माननीय मंत्री श्री राकेश सिंह जी का ध्यान आकर्षित कराते हुये, उनसे जल्द निविदा कर रोड का कार्य प्रारंभ करने का निवेदन किया गया।

इस प्रयास में मांधाता विधायक नारायण पटेल भी साथ रहे। सुनील जैन ने बताया कि भोपाल प्रवास के दौरान खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे नए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से मुलाकात कर पत्र सोपते हुए मुंदी खंडवा मार्ग की निविदा शीघ्र पूर्ण करवाने एवं विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हापला दीपला को जोड़ने वाले रास्ते पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण करने का भी पत्र सौंपा।

# रामेश्वर पुलिया के पास नाले पर किए गए स्थायी अतिक्रमण को नगर निगम ने हटाया

नवभारत न्यूज

**खंडवा। रामेश्वर पुलिया के पास नाले पर किए गए स्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा उपायुक्त एस. आर. सिटोले के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न की गई।**

क्षेत्रवासियों के अनुसार, जिन स्थानों पर अतिक्रमण किया गया था, वहाँ नवरात्रि के अवसर पर देवीजी की स्थापना की जाती रही है।साथ ही, वहाँ एक छोटे आकार की भगवान शंकर की प्रतिमा भी रखी गई थी।नगर निगम द्वारा इस धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए कार्यपालन यंत्री राधेश्याम उपाध्याय को बुलाकर विधिपूर्वक पूजा-पाठ कराया गया एवं प्रतिमा को समीपस्थ मंदिर में सम्मानपूर्वक स्थानांतरित किया गया।

### नाले के अवरुद्ध होने से तीन पुलिया पर हो रहा था जल प्रवाह प्रभावित

स्थानीय नाले पर अतिक्रमण होने के कारण जल निकासी में बाधा उत्पन्न हो रही थी।संकरे स्थान पर नाले का प्रवाह रुक रहा था, जिससे तीन पुलियाओं पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इस गंभीर स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम ने जेसीबी मशीन की सहायता से संपूर्ण स्थायी अतिक्रमण हटाया।

### नगर निगम अमले की उपस्थिति में हुई कार्रवाई

कार्रवाई में उपायुक्त एस. आर. सिटोले एवं कार्यपालन यंत्री राधेश्याम उपाध्याय के अतिरिक्त सहायक जनसंपर्क अधिकारी गौरव खरे, सहायक लाइब्रेरियन सपन जैन, प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी अजय सारसर सहित नगर निगम का समस्त अमला उपस्थित रहा।

### स्थानीय निवासियों को दी गई समझाइश

अवैध अतिक्रमण की पुनरावृत्ति रोकने हेतु निगम अधिकारियों द्वारा स्थानीय रहवासियों को स्पष्ट रूप से समझाया गया कि भविष्य में इस प्रकार के अतिक्रमण न करें।




## भूखे को भोजन करवाना सबसे बड़ा मानव धर्म: अनिल खंडेलवाल




नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा संचालित लायन्स भोजन सेवा केंद्र जिला चिकित्सालय परिसर में लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के अति ऊर्जावान प्रथम वाईस गवर्नर व 1 जुलाई से प्रारम्भ होने वाले 25 -26 के गवर्नर समाजसेवी यारों के यार 24 घंटे तैयार लायन अनिल खंडेलवाल व वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय पदाधिकारी समाजसेवी अरविंद बागड़ी पधारे व व्यवस्था का अवलोकन किया। मरीजों व परिजनों को टेबल कुर्सी पर बैठा कर अपने हाथों मिठाई के साथ भोजन परोसा व भोजन में सहयोग प्रदान किया।

जानकारी देते हुए नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स की नि:शुल्क भोजन सेवा नियमित रूप से संचालित होती है जो लायन साथियो व दानदाताओं के सहयोग से अस्पताल परिसर में भर्ती मरीजों, उनके परिवारजन एवं अन्य ज़रूरतमंद लोगों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन प्रदान करती है। प्रतिदिन 250 से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के मरीज व परिजन लाभान्वित हो रहे है। लायन्स क्लब खण्डवा के सदस्यों द्वारा अनिल खंडेलवाल व अरविंद बागड़ी का लायन्स भोजन सेवा केंद्र में पधारने पर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अनिल खंडेलवाल ने कहा भूखे को भोजन करवाना सबसे बड़ा मानव धर्म है।इस धर्म को इंगित करते हुए लायन्स क्लब खण्डवा की यह परियोजना आज डिस्ट्रिक्ट ही नहीं पूरे मल्टीपल व इंटरनेशनल में प्रेरणा बन गई है। गांधी भवन के सामने 1978 से व सन 2000 से जिला चिकित्सालय परिसर में अन्नदान की यह गतिविधि लायन्स इमेज बिल्डिंग का कार्य कर रही है।

लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा भोजन सेवा के साथ ही नेत्रदान, देहदान ,वस्त्र बैंक, मेडिकल उपकरण बैंक, पर्यावरण, प्राकृतिक चिकित्सा शिविरो, स्वास्थ्य सेवाओं, ग्रीष्मकाल में अनेको प्याउओ के संचालन के साथ पीड़ित मानव सेवा के महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। यह गौरव की बात है। साथ पधारे इन्दोर के खजराना के भोजन शाला में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले समाजसेवी अरविंद बागड़ी ने लायन्स भोजन सेवा केंद्र खण्डवा की इस गतिविधि व व्यवस्था को सराहनीय बताया। खंडेलवाल जी ने भोजन प्रसादी की गुणवत्ता व सफाई व्यवस्था की सराहना की।

इस अवसर पर अनिल खंडेलवाल ने नए सत्र की अध्यक्ष आशा उपाध्याय ,सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़ ,रीजन चेयरमैन राजीव मालवीय, झोन चेयरमेन अणिमा उबेजा ,केबिनेट सदस्यों के साथ नए सत्र की रूपरेखा तैयार की।इस अवसर पर क्लब के रितेश गोयल,अखिलेश गुप्ता,सुरेंद्रसिंह सोलंकी ,सुशीला गदले,बी पी तिरोले,लियो अध्यक्ष अर्पित बाहेती, सचिव सुमित परिहार,लियो अपूर्व उपाध्याय,आदि उपस्थित रहे। सचिव घनश्याम वाधवा ने सभी का आभार माना।

# इंदिरा सागर पावर स्टेशन में अनुपयोगी फाईलों का नियमानुसार निपटान

नवभारत न्यूज

**नर्मदानगर। इंदिरा सागर पावर स्टेशन में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के तहत बुधवार को समस्त विभागों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभाग की पुरानी फाईलों/ फर्नीचर/ इलेक्ट्रीकल / इलेक्ट्रानिक आईटमों को चिन्हित कर नियमानुसार डिस्पोज करने से संबंधित कार्रवाई सुनिश्चित की गई।**



यह आयोजन विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार एवं निगम मुख्यालय, भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में "स्वच्छता पखवाड़ा-2025" के तहत तैयार की गई कार्य सूची के अनुरूप किया गया।

इस संबंध में सभी विभागों को रिकार्ड प्रबंधन नियमानुसार फाईलों को श्रेणीबद्ध करते हुए पुरानी फाईलों/ फर्नीचर/ इलेक्ट्रीकल /इलेक्ट्रानिक आईटमों को विभागीय रिकार्ड अधिकारी के माध्यम से निपटान करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। इस प्रकार के कार्यक्रमों से विभाग में न केवल अनुपयोगी फाईलों को हटाया जाता है बल्कि इससे विभाग की कार्य उत?पादकता बढ़ती है तथा विभाग को साफ- सुथरा रखने में मदद मिलती है।

एनएचडीसी लिमिटेड सहित देश के सभी प्रतिष्ठानों में दिनांक 16 से 31 मई 2025 तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, इन सभी का उद्देश्य कार्य स्थल, राज्य एवं देश को गंदगी मुक्त करना है। गंदगी मुक्त भारत से ही स्वस्थ्य भारत के सपने को साकार किया जा सकता है।

**जागरूकता कैम्प** ▶ **विभिन्न स्कूलों में कियादसवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पॉलिटेक्निक में प्रवेश से संबंधित जानकारी देकर जागृत किया**

# पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु जागरूकता कैम्प का आयोजन





नवभारत न्यूज

**खंडवा। संचालनालय तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार प्रवेश बढाने एवं कौशल विकास में वृद्धि करने हेतु सत्र 2025-26 में ''तकनीकी की ओर बढे- पॉलिटेक्निक चलें'' अभियान चलाया जा रहा है।**

कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में अभियान अंतर्गत पॉलीटेक्निक खंडवा द्वारा बुधवार को उत्कृष्ट विद्यालय,सूरंजकुंड हा.से. स्कूल, सीएम राईज स्कूल आनंद नगर एवं रामनगर हा.से. स्कूल में कैम्प का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया।

### रोजगार के अवसर की जानकारी दी

उक्त कैम्प में छात्र-छात्रओं को पॉलिटेक्निक में पढ़ने के पश्चात मिलने वाले प्लेसमेंट की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि शासकीय नौकरी के साथ-साथ विभिन्न नेशनल एवं मल्टीनेशनल कंपनीयों में रोजगार के विभिन्न अवसर उपलब्ध है।

साथ ही छात्र अपना स्वरोजगार भी स्थापित कर सकते है। डिप्लोमा के पश्चात विभिन्न ब्रांचो में बी.टेक में द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश मिलता है। छात्र-छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान भी इस कैम्प में किया गया।

उन्हे पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश से संबंधित जानकारी रजिस्ट्रेशन,च्वाइस फिलिंग से लेकर आवंटन तक की पूर्ण प्रकिया बताई गई। साथ ही महाविद्यालय में संचालित सिविल,मेकेनिकल,इलेक्ट्रीकल, कम्पयुटरसाइंस,इलेक्ट्रोनिक्स,रेफ्रिजिरेशन एंड एयर कंडीशनींग, तथा मॉडर्न ऑफिस मेनेजमेंट में रोजगार के अवसर की जानकारी दी गई।

मा.ज्यो.फुले.शास. पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य एपी. साकल्ले ने बताया की इन कैम्पों में दसवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पॉलिटेक्निक में प्रवेश से संबंधित जानकारी विभिन्न ब्रांच एवं उनसे प्राप्त होने वाले रोजगार एवं शासन की संबंधित योजनाओं की जानकारी देकर पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए जागृत किया गया।

अत: खंडवा जिले के समस्त 10वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं अपने निकट के कैम्प में उपस्थित होकर 30 मई कों वर्तमान समय में रोजगार मुखि, पाठ्यक्रमों, तकनीकी शिक्षा का महत्व की जानकारी का लाभ प्राप्त करे।

**यहां पर कैम्प का आयोजन**

आगामी दिनांक 30.05. 2025 को पंधाना, छेगांवमाखन, जसवाडी, अमलपुरा, जावर, अहमदपुर खैगांव,कोहदड, मोहना, कालमुखी में सुबह 11 से 2 बजे तक एवं बड़ी बोरगांव, देशगांव, सिंगोट, खेडी, मूंदी,छोटी बोरगांव,रिछफल में दोपहर 2 से 5 में कैम्प का आयोजन किया जाना है।